सी0आई0डी0 मेघालय एवं गठित जांच टीम से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में श्री कुमार से निदेशालय पत्रांक 7039 दिनांक 15.09.2023 द्वारा 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है। उल्लेख किया गया है कि मेघालय सरकार के आदेश को WPC No. 177/2014 द्वारा रद्द कर दिया गया है एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 04.09.2017 को विश्वविद्यालय के पक्ष में आदेश पारित किया गया है, जिससे मेघालय सरकार का आदेश निष्प्रभावी हो गया है। साथ ही यह उल्लेख किया गया है कि WPC No. 14/2017 में पारित आदेश में सभी निर्गत प्रमाण पत्रों को वैध ठहराया गया है। साथ–ही–साथ यह भी अंकित किया गया है कि सभी विवादों का सामाधान मेघालय सरकार के गजत अधिसूचना सं0 312 दिनांक 16.10.2019 द्वारा समाप्त कर दिया गया है।

सी0आई0डी0, मेघालय से प्राप्त सूचना एवं जांच टीम से प्राप्त प्रतिवेदन तथा श्री कुमार द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी है। समीक्षोपरांत पाता हूँ कि इनके द्वारा WPC No. 177/2014 में पारित आदेश से विश्वविद्यालय भंग करने संबंधी आदेश रद्द करने का तर्क दिया गया है एवं WPC No. 14/2017 में पारित आदेश में सभी प्रमाण पत्रों को वैध रहने की बात अंकित की गयी है। जबकि WPC No. 14/2017 में पारित आदेश द्वारा WPC No. 177/2014 में पारित आदेश को रद्द करते हुए एकल पीठ को रिकान्ड किया गया है एवं मेरिट के आधार पर सुनवाई करने का आदेश दिया गया है, जो वर्त्तमान में लंबित है, इससे शिक्षा विभाग, मेघालय सरकार का आदेश वर्त्तमान में भी प्रभावी है। जहाँ तक मेघालय सरकार द्वारा वर्ष 2019 में प्रकाशित CMJ (Amendment) Act, 2019 का प्रश्न है, तो एक्ट की कंडिका – 12 के अवलोकन से स्पष्ट होगा कि विश्वविद्यालय के संबंध में पूर्व अधिनियम के तहत की गयी कार्रवाई तब तक वैध है जब तक मेघालय सरकार उसे वापस नहीं लेती है। मेघालय सरकार द्वारा पूर्व की गयी कार्रवाई में विश्वविद्यालय के ब्रांच शिलांग को अवैध माना है, ऐसी स्थिति में इनके द्वारा उक्त ब्रांच से निर्गत औपबंधिक प्रमाण पत्र पर नियोजन प्राप्त किया गया है, जिसे वैध नहीं माना जा सकता है।

अतः उपरोक्त के आलोक में Terms of Assignment की कंडिका – 4(vi) में निहित प्रावधान के आलोक में श्री अमरेन्द्र कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02214) का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

29/12/23

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03/02–भू0अ0नि0(जांच प्रतिवेदन)–CMJ–99/2023 9472 **पटना, दिनांक** :– 29.12.23

**प्रतिलिपि** :– श्री अमरेन्द्र कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02214) बंदोबस्त कार्यालय, शेखपुरा को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03/02–भू0अ0नि0(जांच प्रतिवेदन)–CMJ–99/2023 9472 **पटना, दिनांक** :– 29.12.23

**प्रतिलिपि** :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि श्री कुमार से सभी अभिलेख/दस्तावेज तुरन्त प्राप्त करते हुए प्रावधानित नियम के आलोक में कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03/02–भू0अ0नि0(जांच प्रतिवेदन)–CMJ–99/2023 9472 **पटना, दिनांक** :– 29.12.23

**प्रतिलिपि** :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं निदेशालय अंतर्गत R2R में संधारित श्री कुमार की व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

29/12/23

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप